# सामान्य हिन्दी

## प्रश्न-पंत्र (द्वितीय)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

***Time allowed : Three Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

*निर्देश :* *(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके दाहिनी ओर अंकित हैं ।*

*(iii) पत्र-लेखन में अपना नाम, पता तथा अनुक्रमांक न लिखें । यदि अनिवार्य हो तो क्ष, त्र, ज्ञ (x, y, z) लिख सकते हैं ।*

1. किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखें : **15**

(क) भारत की अनेकता में एकता

(ख) भारत का क्रीड़ा-जगत

(ग) विधि के क्षेत्र में कम्प्यूटर का योगदान

2. 'हिन्दी सजीव भाषा है । यही कारण है कि इसने अरबी, फारसी आदि के सम्पर्क में आकर इनके शब्द तो ग्रहण किये ही हैं, अंग्रेजी के भी शब्द ग्रहण करती जा रही है । इसे दोष नहीं, गुण समझना चाहिए क्योंकि अपनी इस ग्रहणशक्ति से हिन्दी अपनी प्रगति कर रही है, ह्रास नहीं । ज्यों-ज्यों इसका प्रचार बढ़ेगा, त्यों-त्यों इसमें नये शब्दों का आगमन होता जायगा । हमें तो केवल इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इस सम्मिश्रण के कारण हमारी भाषा अपने स्वरूप को तो नष्ट नहीं कर रही है, कहीं बेमेल शब्दों के मिश्रण से इसका रूप विकृत तो नहीं हो रहा है । हिन्दी को हिन्दी ही बन कर रहना है ।'

(क) इस गद्यांश का भावार्थ लिखें । **3**

(ख) रेखांकित वाक्य-बन्धों का आशय अपनी भाषा में स्पष्ट करें । **5**

(ग) इस गद्यांश का सटीक शीर्षक दें । **2**

3. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए : 5

स्वतंत्रता अपने आपमें निरपेक्ष नहीं है । एक सीमा पार कर जाने के बाद स्वतंत्रता स्वेच्छाचारिता और उच्छृंखलता में बदल जाती है । एक व्यक्ति को धन कमाने की स्वतंत्रता है, पर काले बाजार की अथवा धन लूटने की स्वतंत्रता नहीं है । हमको लाऊडस्पीकर पर गाने की स्वतंत्रता है, किन्तु हमारे गाने से हमारे पड़ोसी के सोने की स्वतंत्रता नष्ट नहीं होनी चाहिए । इसी तरह किसी पागल को वाहन चलाने की स्वतंत्रता नहीं दी जा सकती जब कि एक सामान्य नागरिक को वाहन चलाने का लाइसेंस मिलने में कठिनाई नहीं होती है । जो स्वतंत्रता हमें प्राप्त है, वह दूसरे व्यक्ति की स्वतंत्रता में बाधक नहीं होना चाहिए । प्रत्येक स्वतंत्रता के साथ एक दायित्व भी जुड़ा हुआ है ।

4. सूचनाधिकार के तहत किसी व्यक्ति ने आपके कार्यालय में पदस्थापित कर्मचारियों की संख्या और पदानुसार उनकी सेवाशर्त्तों की सूचना माँगी है । ऐसे पत्र का टिप्पण लिखें । 5

5. किन्हीं **पाँच** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखें : 5

राजा, हाथी, इच्छा, वस्त्र, स्त्री, समूह, दास, आभूषण, किरण, कामदेव

6. निम्न किन्हीं **पाँच** शब्द युग्मों के अर्थ स्पष्ट करें : 5

| | |
|---|---|
| (अ) अगम-आगम | (आ) क्रान्ति-कान्ति |
| (इ) जलद-जलज | (ई) दिन-दीन |
| (उ) पास-पाश | (ऊ) निश्चल-निश्छल |
| (ए) गूँथना-गूँधना | (ऐ) पाव-पाँव |
| (ओ) सुगन्ध-सौगन्ध | (औ) अंतर-अनंतर |

7. निम्नलिखित गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद करें : 10

Right to Information Act will help the country become more powerful in an increasingly information and knowledge driven society. By implementing this Act, we have covered one more step in the direction of establishing a mature democracy. Now the public will not act as dumb spectators. They have got a legal medium to voice their opinion. By removing the curtain of secrecy and increasing the accountability of official machinery it will strike at the root of corruption. It will also enhance the powers of the judiciary and allow it to take proper and quick decisions against the corrupt on the basis of proper documents.

8. किन्हीं **पाँच** शब्द समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखें : 5

(अ) जिसके पार न देखा जा सके
(आ) अनुचित बात के लिए आग्रह
(इ) जो अच्छे कुल में उत्पन्न हुआ है ।
(ई) जानने की इच्छा ।
(उ) जो विधि के विरुद्ध है ।
(ऊ) जो वर्णन के बाहर है ।
(ए) जो रात में विचरण करता है ।
(ऐ) दूर की बात सोचने वाला
(ओ) जिसका आदि न हो ।
(औ) बुरे आचरण वाला

9. किन्हीं **पाँच** शब्दों में उपसर्ग या प्रत्यय दर्शायें : 5

(अ) अत्याचार
(आ) दुस्साहस
(इ) विस्मरण
(ई) अन्यथा
(उ) कर्मनिष्ठ
(ऊ) आत्मसात
(ए) राष्ट्रीय
(ऐ) मौखिक
(ओ) लौकिक
(औ) दुराचरण

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दावली का हिन्दी रूपान्तरण कीजिए : 5

(अ) Undue interference
(आ) To adjourn sine die
(इ) To impose restrictions
(ई) Status quo
(उ) Put up for verification
(ऊ) Simultaneously
(ए) Primarily
(ऐ) Raise an alarm
(ओ) Regularization
(औ) Service roll

11. निम्नलिखित में से **पाँच** अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 5

(अ) मेरा नाम श्री मोहनप्रकाश है
(आ) रंजना बुद्धिमान महिला है
(इ) उस तरुण युवक में काफी जोश है
(ई) माता जी को अब तक वापस लौट जाना चाहिए ।
(उ) अनेकों लोगों ने नदी में स्नान किया
(ऊ) आप जल्दी आओ
(ए) यह काम बिल्कुल भी ठीक नहीं है
(ऐ) जानता कौन है इस बात को
(ओ) एक गीतों की पुस्तक चाहिए
(औ) बेटा राम का है वह

12. किन्हीं **पाँच** मुहावरों / लोकोक्तियों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करें : 5

(अ) अंधा बनाना

(आ) पट्टी पढ़ाना

(इ) आगे नाथ न पीछे पगहा

(ई) अंधों में काना राजा

(उ) जमीन पर पैर न पड़ना

(ऊ) सिर उठाना

(ए) मुँह उतरना

(ऐ) नेकी कर कुएँ में डाल

(ओ) गेहूँ के साथ घुन भी पिसता है

(औ) नौ दिन चले अढ़ाई कोस

13. दफ्तर में तीन कर्मचारियों की नियुक्ति से सम्बन्धित कार्यालय-आदेश लिखिए । 10

**अथवा**

किसी भी विषय पर एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर को ई-मेल द्वारा प्रपत्र प्रेषण का प्रारूप तैयार करें ।

14. कम्प्यूटर के कार्यालयी प्रयोग से होनेवाले किन्हीं **पाँच** लाभों को उदाहरण सहित लिखें । 10

---